Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

परिक्षेत्र किशनगढ़ बफर के अन्तर्गत अवैध शिकार प्रयास के उद्देश्य से प्रवेश किये आरोपियों को जाल सहित गिरफ्तार किया

दिनांक 30.07.2019 को परिक्षेत्र किशनगढ़/मढ़िया दो बफर के अन्तर्गत श्री ऋषि पटेरिया बीट गार्ड पीपरचौक/वर्धा श्री चौबे लाल जाटव बीट गार्ड जैतपुर एवं सुरक्षा श्रमिकों के साथ सामूहिक वन गश्ती के दौरान कुछ व्यक्ति बीट पटना कक्ष क्रमांक पी–469 में मोटर सायकिल क्रमांक एम.पी.16 एम.के.6438 में जंगली जानवरों को जाल में फसाकर मारने का जाल लेकर लगाने के लिए खड़े थे। वन अमले को आता देख कर वे तीनों वहां से मोटर सायकिल लेकर भागने लगे। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा पीछा करने पर करन सिंह पिता रूप सिंह घोष उम्र 50 वर्ष निवासी बंधिया थाना बमीठा तहसील राजनगर जिला छतरपुर बाबू कुशवाा पिता हर प्रसाद कुशवाहा उम्र लगभग 45 वर्ष एवं राम सिंह पिता प्राण सिंह खंगार उम्र लगभग 60 वर्ष दोनों निवासी हटवाहा थाना खजुराहो तहसील राजनगर जिला छतरपुर को रोक कर तलाशी के दौरान 03 नग बड़े रेशम के बने जंगली जानवरों को फंसाकर मारने का जाल तीनों आरोपियों के पास से जप्त किया गया। वन अपराध प्रकरण क्रमांक 338/20 दिनांक 30.06.2019 पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को दिनांक 01.07.2019 को माननीय न्यायालय छतरपुर में पेश किया गया जहां से उक्त तीनों आरोपियों को रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। तीनों आरोपियों ने अपने बयानों में पूर्व में बमीठा एवं आस–पास के वन क्षेत्रों में शिकार करने एवं शिकार के प्रयास की भी बात कही है। दोनों वन रक्षकों की चौकसी व तत्परता के कारण ही वन अपराध होने के पूर्व ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सका है।

''जय हिन्द''

01.07.19

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना